asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री... पृष्ठ 2 | ब्रह्माकुमारीज द्वारा महिला दिवस... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

मंगलवार, 10 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 145, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए


NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

## राज्यसभा चुनाव : बीजेपी की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम हुई निर्विरोध निर्वाचित





**रायपुर।** राज्यसभा चुनाव में बीजेपी की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम को निर्विरोध निर्वाचित कर लिया गया है। निर्वाचित होने के बाद लक्ष्मी वर्मा ने निर्वाचन प्रमाण पत्र लिया। राज्यसभा चुनाव में बीजेपी की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम को निर्विरोध निर्वाचित कर लिया गया है। निर्वाचित होने के बाद लक्ष्मी वर्मा ने निर्वाचन प्रमाण पत्र लिया। फूलोदेवी नेताम कुछ देर में प्रमाण पत्र लेंगी। निर्वाचित होने के बाद लक्ष्मी वर्मा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलने पहुंचीं। उल्लेखनीय है कि, बीजेपी ने लक्ष्मी वर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया था। वहीं फूलो देवी को कांग्रेस ने फिर से राज्यसभा में भेजने का निर्णय लिया था। नामांकन दाखिले के अंतिम दिन गुरुवार 5 मार्च को दोनो उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामंकन दाखिल किए। विधानसभा में राज्यसभा चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दोनो प्रत्याशियों ने नामांकन अपनी-अपनी पार्टी के बड़े नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले लक्ष्मी वर्मा ने केंद्रीय नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, एक सामान्य कार्यकर्ता को केंद्रीय नेतृत्व ने बड़ा अवसर दिया है। लंबे समय से महिलाओं को सशक्त बनाने का काम भारतीय जनता पार्टी करती आ रही है। उन्होंने कहा कि, क्षेत्र के विकास के लिए मैंने एक पार्षद के रूप में भी काम किया, महिलाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए काम किया। आज भी मैं खुद कपड़े सिलकर ही पहनना पसंद करती हूं। इन कामों को राष्ट्रीय नेतृत्व ने सम्मान दिया, बड़ा अवसर दिया, अब छत्तीसगढ़ के हितों को दिल्ली में मजबूती से रखने का प्रयास होगा। महिलाओं को और सशक्त बनाने के लिए काम करूंगी।

### मुख्यमंत्री साय से नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य



श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रीमती लक्ष्मी वर्मा को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद के उच्च सदन राज्यसभा में छत्तीसगढ़ की जनभावनाओं, विकास से जुड़े मुद्दों तथा आमजन की अपेक्षाओं को सशक्त रूप से रखने में श्रीमती लक्ष्मी वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस अवसर पर विधायक श्री किरण सिंह देव, विधायक श्री अनुज शर्मा, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

### विधानसभा में अफीम की गूंज

## नेता प्रतिपक्ष महंत ने रखा स्थगन प्रस्ताव, पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान



अफीम की खेती का मुद्दा गूंजा। दुर्ग जिले के समोदा गांव में विनायक ताम्रकार नामक भाजपा नेता के खेत में अफीम की खेती पकड़ी गई है। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सदन में लाया स्थगन प्रस्ताव। स्थगन प्रसताव पेश करते हुए चरणदास महंत ने सरकार पर विनायक ताम्रकार को बचाने का आरोप लगाया। महंत ने कहा- सरकार धान के बजाय अफीम की खेती कराना चाहती है। सरकार प्रदेश को धान के बजाय अफीम का कटोरा बनाना चाहती है। महंत ने आरोप लगाया कि, सामूहिक संरक्षण के माध्यम से अफीम की खेती कराई गई। ष्टक्कढ्ढ या विधायकों की दल के माध्यम से मामले की जांच की मांग उन्होंने रखी। इसके बाद भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर ही अफीम की खेती को संरक्षण देने का आरोप लगाया। तब दोनो पक्षों में तीखी बहस होने लगी। अजय चंद्राकर के आरोप पर विपक्षी विधायक बिफर पड़े। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने लगी। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा- विनायक ताम्रकार के नौकर को मुख्य आरोपी बनाया गया है, जबकि कलेक्टर ने कहा है कि, विनायक ताम्रकार मुख्य आरोपी है, उसकी जमीन है। इससे पता चलता है कि, गृह विभाग का पूरा संरक्षण आरोपी को मिल रहा है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- कांग्रेस सरकार के समय में अफीम की खेती शुरू हुई। इस पर भूपेश बघेल ने कहा स्नढ्ढक्र में लीपापोती करने की कोशिश की गई है, क्यों बचा रहे हैं विनायक ताम्रकार को। विपक्ष के विधायकों ने सभी काम रोककर अफीम की खेती पर चर्चा कराने की मांग की।

### विश्व कप फाइनल मैच में जीतते ही गूंज उठा भारत माता की जय

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सिख समाज की युवा टीम जोड़ मेला



सिख यूथ वेलफेयर सोसायटी, डोंगरगढ़ द्वारा भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए T-20 विश्व कप फाइनल मैच को स्थानीय महाराजा रणजीत हॉल परिसर में बड़े परदे पर लाइव दिखाने की व्यवस्था की गई।इस अवसर पर सिख समाज डोंगरगढ़ के युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन सहित शहर के अन्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पारिवारिक माहौल में एक साथ बैठकर इस विश्व कप फाइनल मुकाबले का रोमांचक आनंद लिया और भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। आयोजन के दौरान टीम जोड़ मेला की ओर से उपस्थित जनों के लिए चाय-नाश्ते की भी व्यवस्था की गई थी। जैसे ही भारतीय टीम ने इस ऐतिहासिक मुकाबले में जीत दर्ज की, हॉल परिसर भारत माता की जय के जयकारों से गूंज उठा।

## राम ईरा में 20 से 26 मार्च तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर जिले के ग्राम ईरा (सोमनी)के बाजार चौक में 20 मार्च से 26 मार्च 2026 तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से भगवान शिव की महिमा, पुराणों के प्रसंग और भक्ति रस से परिपूर्ण कथा का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कथा-अमृत का लाभ लेने की अपील की है।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर ग्राम ईरा में यह धार्मिक आयोजन गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों में आध्यात्मिक वातावरण का संचार करेगा। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा, सृष्टि की उत्पत्ति, शिव विवाह, गणेश और कार्तिकेय जन्म सहित विभिन्न पौराणिक प्रसंगों का संगीतमय शैली में वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु भक्तिभाव से ओतप्रोत होंगे। कथा का शुभारंभ 20 मार्च शुक्रवार को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात वेदी पूजन, महात्म कथा एवं सृष्टि विस्तार का प्रसंग सुनाया जाएगा। 21 मार्च शनिवार को शिव तत्व महिमा और नारद मोक्ष की कथा का वर्णन होगा। 22 मार्च रविवार को कुबेर शिव झांकी एवं शिवरात्रि महिमा का प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। 23 मार्च सोमवार को रुद्राक्ष की उत्पत्ति एवं बिल्व उत्पत्ति की कथा सुनाई जाएगी। 24 मार्च मंगलवार को समुद्र मंथन, गंगा अवतरण और दक्ष



चरित्र का प्रसंग रहेगा। 25 मार्च बुधवार को सती चरित्र और भगवान शिव-पार्वती विवाह का वर्णन किया जाएगा। अंतिम दिवस 26 मार्च गुरुवार को कार्तिकेय जन्म, गणेश जन्म, शंख एवं चूर्ण कथा, ज्योतिर्लिंग कथा के साथ पार्थिव शिवलिंग पूजन, रुद्राभिषेक, हवन और पूर्णाहुति के साथ आयोजन का समापन होगा। इस पावन कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित श्री चन्द्रकांत शर्मा (राजू महाराज) ग्राम मोखला (भर्रेगांव) द्वारा किया जाएगा, जबकि परायणकर्ता के रूप में पंडित विक्की शुक्ला उपस्थित रहेंगे। कथा को संगीतमय शैली में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ मिलेगा। आयोजन को सफल बनाने में जागृति युवा मंच एवं समस्त ग्रामवासी ईरा की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयोजन समिति में अध्यक्ष कुमार साहू, उपाध्यक्ष अमरसिंह साहू, कोषाध्यक्ष लेखराम साहू, सचिव रवि साहू, सहसचिव टोमन साहू तथा सदस्य गितेन्द्र साहू सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा किशोर साहू, सचिन देशमुख और पुरुषोत्तम साहू संरक्षक के रूप में मार्गदर्शन दे रहे हैं, वहीं चन्द्रप्रकाश किरण इलेक्ट्रॉनिक्स सोमनी का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान शिव की कथा का श्रवण करें और धर्म लाभ प्राप्त करें।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश डुलानी का निधन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़



### 5 बजे हुआ अंतिम संस्कार

प्रदेश के वरिष्ठ और सम्मानित नेता श्री सुरेश डुलानी के निधन से पार्टी संगठन और राजनीतिक जगत में शोक की लहर फैल गई है। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार सुबह उनके निधन की खबर मिलते ही राजनांदगांव सहित पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच गहरा दुःख व्याप्त हो गया।श्री डुलानी का जीवन पार्टी संगठन, समाज सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों के लिए समर्पित रहा। वे राजनांदगांव क्षेत्र के एक लोकप्रिय और सक्रिय नेता के रूप में जाने जाते थे। लंबे समय तक उन्होंने भाजपा के विभिन्न संगठनात्मक पदों पर जिम्मेदारियां निभाईं और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। छत्तीसगढ़ भाजपा के पुराने और अनुभवी नेताओं में शुमार श्री डुलानी ने संगठन विस्तार और चुनावी गतिविधियों में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाई। राजनांदगांव जिले में उनकी सक्रियता और संगठन क्षमता के कारण भाजपा की पकड़ मजबूत हुई। उनके निधन पर प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा,च्भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री सुरेश डुलानी जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों और उनके सहयोगियों को इस कठिन समय में दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। डॉ. रमन सिंह ने दूरभाष के माध्यम से डुलानी परिवार के सदस्यों से भी बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिवार को ढांढस बंधाया। राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय तथा रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री डुलानी उनके परम सहयोगी और साथी थे। उनका जाना व्यक्तिगत क्षति के साथ-साथ पार्टी के लिए भी बड़ी क्षति है। महापौर मधुसूदन यादव सहित युवा नेता अभिषेक सिंह, नीलू शर्मा सहित कई भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उनके निधन की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में परिजन, मित्र, पार्टी कार्यकर्ता और शुभचिंतक उनके निवास श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे । श्री डुलानी ने अपने जीवन में पार्टी के प्रति निष्ठा, संगठन के प्रति समर्पण और समाज सेवा को सर्वोपरि रखा। भाजपा के लिए उनका योगदान लंबे समय तक याद किया जाएगा। उनके निधन को पार्टी के एक मजबूत स्तंभ के चले जाने के रूप में देखा जा रहा है। उनका अंतिम संस्कार आज यहां लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया जिसमें भारी संख्या में उनके इष्टजन उपस्थित थे।

## कोपेडीही में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शक्ति का सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा ग्राम कोपेडीही में एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय विभा अवस्थी जी के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष आदरणीय कमल सिंह राजपूत जी के आदेशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन और नेतृत्व भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष आदरणीय पुष्पा गायकवाड जी ने किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कमलेश शाश्वत जी मुख्य अतिथि के रूप



में उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मान देने का दिन है। उन्होंने समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए महिला सशक्तिकरण को और मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश कार्यसमिति महिला मोर्चा सदस्य संगीता मिश्रा, दक्षिण मंडल शहर महामंत्री रेणु सूर्यवंशी, कनक दुबे, करुणा राजपूत, उत्तरा निषाद, पूर्व सरपंच सुशीला साहू, देवादा सरपंच लक्ष्मी साहू, परमाल कसा की कामनी साहू, संध्या पांडे तथा कोपेडीह सरपंच तुलेश्वर साहू सहित क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अपनी भूमिका को मजबूत करने का संकल्प लिया। महिला दिवस के इस आयोजन ने महिलाओं के आत्मविश्वास और एकता को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सरपंच सुशीला साहू द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया और सभी अतिथियों एवं उपस्थित महिलाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### राष्ट्रपति के प्रति अपमानजनक टिप्पणी पर भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल का कड़ा बयान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष



कोमल सिंह राजपूत ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी द्वारा देश की माननीय राष्ट्रपति द्रोपती मूर्मू के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। जिला अध्यक्ष श्री राजपूत ने कहा कि राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक होती हैं और उनके पद की गरिमा सर्वोच्च होती है। ऐसे में किसी भी मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि द्रोपती मूर्मू न केवल देश की राष्ट्रपति हैं, बल्कि आदिवासी समाज की गौरवशाली प्रतिनिधि भी हैं। उनके प्रति इस प्रकार की टिप्पणी करना पूरे देश और आदिवासी समाज का अपमान है। श्री कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन संवैधानिक पदों के प्रति सम्मान बनाए रखना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। ममता बैनर्जी को अपने इस बयान के लिए देश की जनता और राष्ट्रपति से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## कलेक्टर ने नायब तहसीलदार कार्यालय तुमड़ीबोड़ का किया औचक निरीक्षण

### दूरभाष पर बात कर पटवारियों को आदेश पारित होने के एक दिवस के भीतर राजस्व अभिलेखों में रिकॉर्ड दुरूस्तीकरण करने के दिए निर्देश

### राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज नायब तहसीलदार कार्यालय तुमड़ीबोड़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील में दर्ज सभी राजस्व प्रकरणों के शीघ्र एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिए। कलेक्टर श्री यादव ने पूर्व में आदेश पारित



प्रकरणों का अवलोकन किया तथा ई-कोर्ट एवं भुइयां पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पटवारी को दूरभाष के माध्यम से आदेश पारित होने के एक दिवस के भीतर राजस्व अभिलेखों में रिकॉर्ड दुरूस्तीकरण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नायब तहसीलदार को सभी पटवारियों से समय पर पटवारी प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रकरणों का नियमानुसार एवं निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील क्षेत्र में दर्ज सभी समय-सीमा बाह्य सीमांकन प्रकरणों का निराकरण आगामी दो दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों से उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार उपस्थित थे।

CMYK

nandgaon times march-10-4.qxd 3/9/2026 11:55 PM Page 2



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री साय ने दी महिलाओं को सौगात

## महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त जारी, महिला जनप्रतिनिधियों मे हर्ष जताया आभार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश की महिलाओं के लिए संचालित महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त जारी किए जाने पर जिले की महिला जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। महिला जनप्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे प्रदेश की लाखों महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।











प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की सह संयोजक एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव गीता घासी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है, जिससे वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 25वीं किस्त जारी करना प्रदेश की माताओं और बहनों के सम्मान का प्रतीक है।महिला मंच सिन्हा समाज की जिलाध्यक्ष निर्मला जीतेन्द्र सिन्हा ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। इस योजना से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। जिला पंचायत राजनांदगांव की सभापति जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के लिए एक सराहनीय और जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहयोग मिल रहा है, जिससे उनके जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है। राजनांदगांव जनपद पंचायत की अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक योजना है, जिसने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे समाज तथा परिवार में अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक मजबूती के साथ निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 25वीं किस्त जारी कर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की महिलाओं को विशेष सम्मान दिया है। जनपद पंचायत सभापति पूर्णिमा कृष्णा साहू ने भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह योजना महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद और विश्वास लेकर आई है। इससे महिलाओं को आर्थिक सहयोग मिलने के साथ-साथ उनका सामाजिक सम्मान भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में महिलाओं के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं।अंत में सभी महिला जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के लिए एक मजबूत सहारा बनकर सामने आई है और इससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार भविष्य में भी महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए इसी प्रकार की जनहितकारी योजनाएं संचालित करती रहेगी।

# मोदी सरकार महंगाई रोकने में विफल - हेमा देशमुख

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मोदी सरकार महंगाई रोकने में विफल है उनके कार्यकाल के 13 साल में अनेको बार बेतहाशा एलपीजी गैस के दमकी वृद्धि हो गयी है जहां कांग्रेस की सरकार में ?430 गैस के दाम थे तो भाजपा ?5 भी वृद्धि होने पर चिल्ला चिल्ला कर विरोध प्रदर्शन करती थी मोदी सरकार ने अपनी सरकार आने पर गैस के दाम करने की बात कही थी 500 रुपये में गैस उपलब्ध कराने की बात कही थी लेकिन आज तीसरी बार आने के बाद भी लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है कहीं ना कहीं इसके लिए मोदी सरकार की आर्थिक नीति, व्यापार नीति ,विदेश नीति ,असफल होना है आज महिलाएं फिर से चूल्हे की ओर जा रही हैं अपनी गृहस्थी के बजट को ठीक करने के लिए फिर से धुँए की ओर जा रही है आज हर महिला परेशान हैएलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की वृद्धि किए जाने से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तु होने के कारण एलपीजी गैस हर परिवार की जरूरत है। कीमतों में इस प्रकार की बढ़ोतरी से विशेष रूप से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की रसोई का बजट प्रभावित होगा। वर्तमान समय में पहले से ही महंगाई बढ़ रही है, ऐसे में गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की वृद्धि आम जनता के लिए चिंता का विषय है।



आम लोगों की आय में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है, जबकि आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। सरकार से मांग की जाती है कि एलपीजी गैस की कीमतों में की गई इस वृद्धि पर पुनर्विचार किया जाए और आम जनता को राहत देने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। साथ ही, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए गैस की कीमतों को नियंत्रित रखने की दिशा में ठोस नीति बनाई जाए। भाजपा सरकार की कथनी और करनी में बहुत फर्क होता है ,आज भाजपा सरकार ट्रंप के इशारों में चल रहे हैं और इसी के चलते हमें पेट्रोलियम पदार्थ की कमी महसूस हो रही है पेट्रोलियम खनिज मंत्री हरदीप पुरी जी जिनका नाम एप्सटीन फाइल में आया है, जो हर तरफ से असफल मंत्री है आज तक ना ही उनसे इस्तीफा लिया गया ना ही उनकी जांच की जा रही है ,इस देश का दुर्भाग्य है कि इस देश को ऐसे प्रधानमंत्री मिला जिन्होंने 13 साल में देश को 10 साल पीछे छोड़ दिया आज पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की आर्थिक नीति याद आती है जिनके कार्यकाल में भारत की जीडीपी दर 8ञ्च हो गई थी विदेश में भारत देश का डंका बज रहा था ,आज हमने अपनी गरिमा खो दी और देश के आर्थिक नीति अस्त-व्यस्त हो चुकी है।

## समोदा में 10 एकड़ अफीम की खेती का खुलासा - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्म हाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अवैध अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आने के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। दुर्ग जिले के समोदा गांव में बड़े पैमाने पर अवैध अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आने के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई है। इस मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। श्री साहू ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेशवासियों को नशे की गर्त में धकेलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्म हाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अफीम की अवैध खेती होने का खुलासा हुआ है जो बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि यह खेती भाजपा नेता विनायक ताम्रकार द्वारा करवाई जा रही थी। उनका कहना है कि बिना शासन-प्रशासन के संरक्षण के इतने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती संभव नहीं है। श्री साहू ने कहा कि जब प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार और गृह विभाग की होती है तो ऐसे में इतने बड़े स्तर पर अवैध अफीम की खेती होना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और इसके पीछे शामिल सभी लोगों का खुलासा किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि यदि इस मामले में भाजपा नेताओं की संलिप्तता सामने आती है, तो यह प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने ने प्रदेश के गृह मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल अपने पद से इस्तीफा देने की मांग भी की है।



# प्रधानमंत्री जनमन आवास बना जुगरी बाई बैगा का सहारा

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 06/03/2026, शासन की महत्वकांक्षी योजना का सीधा लाभ बैगा समुदाय के लोगों को मिल रहा है। कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत गांगपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की हितग्राही जुगरी बाई बैगा पति शिवनाथ बैगा का अपना पक्के आशियाने का सपना अब साकार हो गया है। जुगरी बैगा ने आवास पूर्ण होने पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उनकी दशा और दिशा दोनों बदल दी है। वर्ष 2023-24 में आवास की मंजूरी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पात्रता में नाम दर्ज किया गया।आवास के लिए पात्र होने पर जिला प्रशासन द्वारा अविलंब आवास के लिए 2 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर प्रथम किश्त की राशि रूपये 40 हजार सीधे उनके बैंक खाते में ऑनलाइन डीबीटी से जमा किया गया जिससे पक्का आवास बनाने का काम शुरू हो गया। रोजगार सहायक और तकनीकी सहायक के मार्गदर्शन पर आवास का निर्माण कार्य आगे बढ़ता गया। आवास की प्रगति पर द्वितीय किश्त की राशि 60 हजार रुपए, तृतीय किश्त की राशि 80 हजार रुपए एवं चतुर्थ किश्त की राशि 20 हजार रुपए हितग्राही को उनके बैंक खाता में ऑनलाईन डीबीटी से जारी कर दी गई। देखते ही देखते सपनों का घर बनकर तैयार हो गया। जुगरी बाई बैगा ने बताया कि अपने पक्के आवास के निर्माण कार्य मे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से 95 दिवस का रोजगार मिला और उसका मजदूरी भुगतान 24795 रुपए अलग से अतिरिक्त लाभ के रूप में मिला गया। जुगरी आगे बताती है कि पहले इनका 7 सदस्य परिवार कच्चे झोपड़ीनुमा मकान में निवास करते थे। अपने परिवार का भरण-पोषण मजदूरी कार्य कर जीवन चलाती थी ऐसे में पक्का आवास बनाना बहुत कठिन था। मौसम के अनुसार अनेक परेशानियां विशेष कर बरसात के दिनों में बहुत होती थी। ऐसे में पक्का आवास मिलने से अब सारी समस्या दूर हो गई है। मैं अपने परिवार के साथ पक्के आवास में रहते हुये चैन की नींद सो रही हु।अपना पक्का घर होने से समाज में पूछ-परख भी पहले से अधिक बढ़ गई है।



# प्राचार्या रेणुका नामदेव के सेवानिवृत्त होने पर गठुला स्कूल में दी गई भावभीनी बिदाई

## गठुला स्कूल में प्राचार्या रेणुका नामदेव का बिदाई समारोह आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय हाईस्कूल गठुला की प्राचार्या श्रीमती रेणुका महेश नामदेव के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर शाला परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा शाला प्रांगण में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्राचार्य रेणुका नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, अध्यक्षता श्रीमती चित्ररेखा ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत गठुला ने की, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में शाला विकास समिति गठुला के अध्यक्ष टुकेश्वर साहू, श्रीमती ललिता टारजन जेड साहू पूर्व जनपद सदस्य, समाजसेवी हेमलाल साहू उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्या के परिजन क्रमश: पति महेश नामदेव, दोनो पुत्रियॉ श्रीमती पूजा वर्मा, श्रीमती प्रतिष्ठा श्रीवास्तव सपरिवार उपस्थित रहीं। शाला परिवार की ओर से आयोजन में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल के सभी शिक्षकगण, कार्यालय स्टाफ संकुल केन्द्र गठुला के सभी शिक्षक, ग्राम गठुला के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकगण एवं शाला के छात्र-छात्राऍ उपस्थित रहे। विदाई समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि के हॉथों मॉ सरस्वती के तैल्यचित्र पर पुष्पहार अर्पित करके एवं दीप प्रज्जवलित करके किया गया। आयोजन में शाला परिवार की ओर से सभी गणमान्य अतिथिगण को गुलदस्ता भेंट करके, फूलमाला पहनाकर एवं गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पश्चात् शाला परिवार के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं कुछ रंगारंग सामूहिक नृत्य नाटिका के द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया गया। आयोजन में सभी अतिथिगण ने बारी-बारी से सभा को संबोधित किया और मुख्य रूप से प्राचार्या नामदेव मैडम के गठुला स्कूल के कार्यकाल को उपलब्धियों से परिपूर्ण बताया। उन्होंने प्राचार्या नामदेव मैडम के सरल स्वभाव, मिलनसारिता, प्रशासनिक कार्यकुशलता, कर्त्तव्यनिष्ठा, नेतृत्वक्षमता एवं छात्रों के हित में किये गये उनके कार्यो की सराहना की। मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए निवृत्तमान प्राचार्या रेणुका नामदेव ने शाला में बिताये अपने कार्यकाल को अपने जीवन का अविस्मरणीय समय बताया एवं शाला परिवार, शाला विकास समिति, ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों से मिले सम्मान, सहयोग एवं सहभागिता के लिये आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने परिवारजन को विशेष धन्यवाद दिया जिनके सहयोग, त्याग एवं समर्पण से उन्हें अपने सेवा कार्यो को उत्कृष्टता से पूर्ण करने का साहस मिला। आयोजन के अंत में शाला परिवार के ओर से प्राचार्या श्रीमती रेणुका नामदेव को स्मृति चिन्ह देते हुए उपस्थित छात्रो, ग्रामवासियों, एवं शाला स्टाफकी ऑखे नम हो गई । सभी ने भरे मन से स्मृति चिन्ह देकर सेवानिवृत्त प्राचार्या को, ढोल नगाड़ों के साथ स्कूल प्रांगण से ग्राम गठुला के मुख्यमार्ग तक बिदाई यात्रा निकालकर, ग्राम गठुला से सम्मानपूर्वक बिदाई दी।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान हुआ

## डोंगरगांव में महतारी सम्मेलन सम्पन्न



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 8 मार्च को एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना डोंगरगांव द्वारा डॉ बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर महाविद्यालय ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर परियोजना स्तरीय महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में समाज के विकास में अग्रणी महिलाओं का उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा श्रीफल एवं सॉल भेंट कर स्वागत एवं उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवाद का लाइव प्रसारण किया गया ।सक्षम योजना अंतर्गत दिलेश्वरी साहू मोखली को 2 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया! कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पौष्टिक व्यंजन एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रदर्शनी तथा ईसीसीई गतिविधियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई ।कार्यक्रम में दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव, जागृति यादव जिला पंचायत सदस्य राजनंदगांव, अंजू त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव, रंजीता पडोती जनपद पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव , मनीष साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव , ममता पटेल सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग, विवेक मांडवी सभापति , जया साहू जनपद सदस्य, रेशमा साहू जनपद सदस्य, सरिता साहू जनपद सदस्य, हरिला भाई सिरसाठ जनपद सदस्य, राजू यादव मंडल अध्यक्ष तुमडीबोड, दीनापटेल मंडल अध्यक्ष डोंगरगांव , लक्ष्मीनारायण गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, रामकुमार गुप्ता मंडी बोर्ड प्राधिकारी, गुलशन हिरवानी पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष,योगेश पटेल जनभागीदारी अध्यक्ष कॉलेज डोंगरगांव,महेश्वर साहू,डिकेश साहू,जागेश्वर यादव ,महेश्वरी साहू नगर पंचायत के पार्षद,पद्मिनी गायत्री निर्मला ,कोमल साहू,लक्ष्मीनारायण ,दीना, महिला एवं बाल विकास से लक्ष्मी सोनकर पर्यवेक्षक , संतोष लांजेवार , पदमा चंद्रवंशी, वंदना साहू , गायत्री यादव, देविका साहू एवं , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं श्रेत्र की महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रहीं।

**शुभांक**

**2-4-6**

**890-7 127-0**

**भाग्यांक**

**236-1 240-6**

# महराजपुर में होली मिलन समारोह की धूम, विधायक भोलाराम साहू हुए शामिल

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के ग्राम महराजपुर में होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। रंगों के इस पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने उपस्थित ग्रामवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। यह पर्व समाज में एकता, सौहार्द और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन लोगों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करते हैं और समाज में आपसी संबंधों को और भी प्रगाढ़ बनाते हैं।



कार्यक्रम के दौरान विधायक भोलाराम साहू ने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं तथा समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी के साथ रंग-गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। समारोह में पारंपरिक गीत-संगीत, आपसी मिलन और रंग-गुलाल के साथ उत्सव का आनंद लिया गया। इस अवसर पर छन्नी साहू (पूर्व विधायक खुज्जी), संजय सिन्हा (अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया), प्रताप धावड़े (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा), राजकुमारी सिन्हा (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया), रविन्द्र वैष्णव, ग्राम सरपंच, नरेश शुक्ला (सरपंच), राजू सिन्हा (कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया), लादूराम तुमरेकी, मनोज सिन्हा (पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग), चुम्मन साहू (जनपद सदस्य) सहित ग्राम प्रमुख, ग्राम पटेल, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्व. कर्मवीर लाल श्याम शाह महाराज की पुण्यतिथि पर 10 मार्च को मोहला विकासखंड के सुवरबोड में होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**मोहला/राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चैकी जिले के विकासखण्ड मोहला में गोंड समाज केंद्र सुवरबोड़ द्वारा आगामी मंगलवार 10 मार्च 2026 को 360 परगना व 14 गढ़ के मालिक, पूर्व जमींदार स्व. कर्मवीर लाल श्याम शाह महाराज जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस गौरवमयी दिवस को यादगार बनाने के लिए समाज द्वारा ज्आदर्श सामूहिक विवाहज् का आयोजन भी किया गया है, जिसमें गोंड समाज के 04 जोड़े सामाजिक रीति-रिवाज और नीति-नियमों के अनुसार परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मोहला-मानपुर के विधायक श्री इंद्रशाह मंडावी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंड समाज केंद्र अध्यक्ष श्री पुरन सिंह कुमेटी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में पनाबरस राज जमींदार श्री लक्ष्मेंद्र शाह मंडावी, पूर्व विधायक श्री संजीव शाह कुंजाम, गोड़ समाज के संभाग अध्यक्ष श्री मोहन हिड़को, पूर्व गोंड समाज संभाग अध्यक्ष नरेंद्र नेताम एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक श्री चंद्रेश ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष श्री पदुम सिंह तोप्पा, पूर्व महासचिव श्री तुकाराम कोर्राम, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ट के संभागीय महासचिव श्री लखन सोरी, पूर्व संभागीय सचिव श्री कुमार कोरेटी, ब्लाक संरक्षक श्री नोहरू राम कुमेटी, केन्द्र उपाध्यक्ष श्री लाल सिंह सोरी सहित श्री प्रबल सलामे, श्री नारायण सिंह नेताम, श्री केजूराम गोगा, श्री राय सिंह सोरी, श्री भाव सिंह कुमेटी, श्री सुखराम तुलावी के अलावा सरपंच उरवाही श्रीमती चित्ररेखा चनापे, सरपंच भोजटोला श्रीमती बिराज बाई उइके, सरपंच संगाली श्रीमती रमशिला नेताम, सरपंच मड़ियानवाड़वी श्रीमती सुंदाय कुंदन धूर्वे के अलावा अन्य समाजिक प्रमुखगण उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च 2026 को कार्यक्रम सुबह 08 बजे से गोंड समाज केंद्र सुवरबोड़ में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर महाराज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सामाजिक योगदान को याद किया जाएगा। तत्पश्चात सामाजिक परंपराओं के साथ विवाह संपन्न कराए जाएंगे।

## ज्ञान मंथन

*1) सीमांत श्रमिक वह व्यक्ति है जो एक वर्ष में कितना समय के लिए काम करता हैं?*
*2) स्वतंत्र भारत की पहली औद्योगिक नीति की रूपरेखा कब तैयार की गई थी?*
*3) लॉरियस स्पोर्ट्‌र्स अवार्ड के लिए नामांकित होने वाली पहली महिला क्रिकेट टीम कौन है?*
*4) महाराष्ट्र में होली के 5वें दिन कौन सा त्यौहार मनाया जाता हैं?*
*5) हट्टी रिसाला महोत्सव किस राज्य में मनाया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 183 (2) 6 अप्रैल 1948 (3) भारत (4) रंगपंचमी (5) महाराष्ट्र

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा महिला दिवस पर आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव द्वारा लाल बाग स्थित वरदान भवन में एक विशेष महिला सशक्तिकरण एवं आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक जीवन के महत्व को समझा और राजयोग ध्यान का अभ्यास किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं ब्रह्माकुमारी बहनों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और समाज में महिलाओं की भूमिका तथा आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में जीवन की चुनौतियों और तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच आध्यात्मिकता को अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि मन को मजबूत और स्थिर बनाना है तो राजयोग ध्यान का अभ्यास करना जरूरी है। राजयोग के माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों को सकारात्मक बना सकता है, आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है और जीवन में शांति तथा संतुलन स्थापित कर सकता है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला होती हैं। यदि महिलाएं मानसिक रूप से सशक्त



और आध्यात्मिक रूप से जागरूक होंगी तो पूरा परिवार और समाज सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने सभी को नियमित रूप से राजयोग ध्यान का अभ्यास करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को राजयोग ध्यान का संक्षिप्त अभ्यास भी कराया, जिससे वातावरण में शांति और सकारात्मकता का अनुभव हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में कुमारी रूही एवं नाव्या द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। उनके आकर्षक एवं भावपूर्ण नृत्य ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने अत्यंत सरस और प्रभावशाली ढंग से किया। उन्होंने कार्यक्रम के विभिन्न चरणों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाते हुए उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों को आध्यात्मिक संदेशों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर नगर की पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, अधिवक्ता बहन शारदा तिवारी तथा पार्षद मणिभास्कर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मविश्वास, शिक्षा और आध्यात्मिकता के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी रंभा बहन जी ने सभी अतिथियों, आयोजकों और उपस्थित महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय सहभागिता इस कार्यक्रम की सफलता का मुख्य आधार रही है। इस अवसर पर पार्षद प्रियंका कुरंजरेकर ,पार्षद झमित नादान सेन ,माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष सुषमा राठी, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष मंजू खोखरिया ,श्रीमती शीला गांधी ,कस्तूरबा महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अल्का जानी ,श्रीमतीअर्चना दास सहित अनेक महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक और सफल रहा।सभी महिलाओं को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया।

## 31 मार्च तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने करदाताओं से आयुक्त ने की अपील

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिये महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा समय समय पर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षाकर राजस्व वसूली की जानकारी लेकर, दिशा निर्देश दिये। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु संबंधित वार्ड प्रभारी घर घर जाकर एवं निगम के राजस्व कार्यालय में राजस्व वसूली कर रहे है। उन्होंने करदाताओं से चालू वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक अपने बकाया सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करो का भुगतान कर सकते है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा द्वारा समय समय पर राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया जा रहा था, उनके द्वारा समस्त वार्डप्रभारियों की वार्डवार समीक्षाकर शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिये जा रहे थे तथा 30 प्रतिशत से कम वसूली पर वार्ड प्रभारियों को वसूली में तेजी लाने समझाईस दी जा रही थी। समझाईस उपरांत भी वसूली कम आने पर कार्यवाही भी की जा रही है, इसके अलावा राजस्व कार्यालय के साथ साथ घर घर जाकर राजस्व वसूली करने कडे निर्देश दिये जा रहे है तथा क्यू.आर. कोड के माध्यम से ऑनलाईन करो की वसूली की जा रही है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति पर कडाई से करो का वसूली करना सुनिश्चित करे। शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही करने पर कडी कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से करो का भुगतान नहीं करने वालों का नाम प्रकाशित करे एवं नल काटने की कार्यवाही करे। साथ ही निगम स्वामित्व की दुकाने जिनकी प्रीमियम जमा नहीं हुई है तथा लम्बे समय से दुकान किराया नहीं जमा करने वालो की दुकाने सील करने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि इस वित्तीय वर्ष में करो का भुगतान करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धरित की गयी है, इसके उपरांत जमा करने पर क्रमश: सम्पत्तिकर में 5 प्रतिशत एवं जलकर में 15 प्रतिशत अधिभार लिया जायेगा। अत: उन्होंने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि अपने बकाया करों का 31 मार्च तक भुगतान कर अधिभार से बचे।

## प्रयास आवासीय विद्यालय में सुडोकू गतिविधि का आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सह पाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में विद्यालय में सुडोकू गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी तार्किक क्षमता और एकाग्रता का प्रदर्शन



किया। सुडोकू बौद्धिक खेल से विद्यार्थियों में तार्किक सोच, एकाग्रता एवं समस्या का समाधान कौशल को विकसित करने में सहायक होता है। साथ ही यह उनके स्मरण शक्ति, धैर्य एवं मानसिक एकाग्रता को भी बढ़ाता है तथा मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न स्तरों के सुडोकू पहेलियों को हल किया और पूरे उत्साह के साथ इसमें सहभागिता निभाई। इस प्रकार की गतिविधियां में विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने के साथ-साथ सीखने की प्रक्रिया को भी रोचक बनाती है। प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव इस वर्ष अपने प्रथम सत्र में संचालित हो रहा है। विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 9वीं के कुल 112 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जुनवानी में जल उत्सव पखवाड़ा एवं जल अर्पण दिवस का आयोजन

### जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण का संदेश, नलजल योजना का ग्राम पंचायत को हस्तांतरण

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नादगाव टाइम्स)।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला कबीरधाम के कार्यपालन अभियंता डी. एस. राजपूत के मार्गदर्शन में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कबीरधाम के तत्वाधान में विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत कंटगीकला अंतर्गत ग्राम जुनवानी में जल जीवन मिशन के तहत जल उत्सव पखवाड़ा एवं जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 08 मार्च से 22 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले जल उत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित नलजल योजना को ग्राम पंचायत को औपचारिक रूप से हस्तांतरित करना, योजना के संचालन एवं संधारण में ग्राम पंचायत तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, हर घर जल योजना की उपलब्धि का उत्सव मनाना तथा स्थानीय स्तर पर योजना के स्वामित्व को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों, शिक्षकगण एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली से हुई। रैली के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में जनजागरूकता का संदेश दिया गया।



## नि:शुल्क रोजगारोन्मुख ऑटोमोबाइल ऑफिस एंड सेल्स एडवाइजर कोर्स का किट वितरण

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संकल्प जन सेवा समिति देवरी बंगला के तत्वावधान में बॉश सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत संकल्प टेक्निकल एजुकेशन (आईसेक्ट कंप्यूटर) देवरी में नि:शुल्क रोजगारोन्मुख ऑटोमोबाइल ऑफिस एंड सेल्स एडवाइजर कोर्स के बैच का हुआ कीट वितरण (बैग,टी शर्ट,बुक,डायरी,पेन) विवेक वैष्णव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति खेरथा कॉलेज ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राएं इस संस्था से प्रशिक्षण लेकर रोजगार पा रहे है, वे भविष्य की सफलता के लिए खुद को तैयार कर रहे है हमारे लिए गर्व की बात है की जो सुविधा शहर में नहीं मिल रहा है वह एक गाँव में ग्रामीण बच्चों



को स्किल कोर्स का मिल रहा है जो की पूर्णता नि:शुल्क है. डिजिटल एजुकेशन एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्लास लेने की बात कही. संस्था के संचालक भरत देवांगन ने जानकारी दिया की प्रोग्राम का उद्देश्य बेरोजगार युवाओ को तीन माह के कोर्स के जरिये रोजगार के लिए तैयार करना है कोर्से के बाद असेसमेंट फिर रोजगार मेला के माध्यम से नौकरी के अवसर प्रदान कर युवाओ को स्किल डेवेलपमेंट के लिए प्रेरित करना. कंप्यूटर एजुकेशन के साथ बॉश सीएसआर प्रोजेक्ट का ये 13 वा बैच है जिसके अंतरगर्त 3 ट्रेड सॉफ्ट स्किल 8 बैच, केयर गिवर (हेल्थ केयर) 2 बैच, ऑटोमोबाइल 2 बैच, सफलतापूर्वक संचालित हुआ. इस प्रोजेक्ट को आंचलिक ग्रामवासी, जनप्रतिनिधियों ने सराहना किया की युवाओ को प्रयास करने के बावजूद शासकीय जॉब नहीं मिलने पर स्किल कोर्स वरदान साबित हो रहा है.जो को प्रशिक्षण से लेकर प्लेसमेंट तक पूर्णता: नि:शुल्क है इस कार्यक्रम में महेश यादव, योगेश्वर निषाद, जीतेन्द्र चौबे, सीना वैष्णव, सहित इस प्रोजेक्ट में पंजीकृत छात्र छात्राएं शामिल थे।

## निधन



**डी एन साहू**

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय बसंतपुर निवासी सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी डीएन साहू ( देवेन्द्र नाथ साहू ) का रायपुर में निधन हो गया । वे 88 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे । उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 10 मार्च की दोपहर उनके पैतृक ग्राम जंगलपुर में किया जायेगा । स्वर्गीय श्री साहू गायत्री परिवार के प्रमुख सदस्य ,पेंशनर्स एसोसिसशन के पूर्व जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ नागरिक प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष तथा कर्मा विद्या मंदिर के संस्थापक, प्रगतिशील कृषक तथा योग प्रशिक्षक भी थे। वे अपने पीछे पुत्र जितेंद्र साहू, जितेश्वर साहू ,पुत्री तारा साहू और नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गये।

## धर्म समाचार....

## पापमोचनी एकादशी पर राशि अनुसार जपें ये मंत्र, खुशियों से भर जाएगा घर-आंगन



वैदिक पंचांग के अनुसार, रविवार 15 मार्च को पापमोचनी एकादशी है। यह पर्व हर साल चैत्र माह के कृष्ण पक्ष में मनाया जाता है। इस दिन भगवान मधुसूदन और मां लक्ष्मी की पूजा और भक्ति की जाती है। साथ ही एकादशी का व्रत रखा जाता है।

सनातन शास्त्रों में निहित है कि पापमोचनी एकादशी के दिन लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से जाने-अनजाने में किए गए सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही साधक पर लक्ष्मी नारायण जी की विशेष कृपा बरसती है। अगर आप भी भगवान विष्णु को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो पापमोचनी एकादशी के दिन भक्ति भाव से पूजा करें। साथ ही पूजा के समय राशि अनुसार इन मंत्रों का जप करें।

**राशि अनुसार मंत्र जप**

मेष राशि के जातक जॉब में सफलता पाने के लिए ' ? महासिंहाय नम: और ? विश्वम्भराय नम: ' मंत्र का जप करें।

वृषभ राशि के जातक भौतिक सुखों में वृद्धि के लिए ' ? गौर्यै नम: और ? निर्गुणाय नम:' मंत्र का जप करें।

मिथुन राशि के जातक कारोबार में उन्नति के लिए ' ? श्रीमत्यै नम: और ? चण्डकोपिने नम: ' मंत्र का जप करें।

कर्क राशि के जातक शुभ कामों में सफलता पाने के लिए ' ? नन्दिन्यै नम: और ? शिंशुमाराय नम:' मंत्र का जप करें।

सिंह राशि के जातक जॉब में प्रमोशन के लिए ' ? सावित्र्यै नम: और ? श्री तुलस्यै नम:' मंत्र का जप करें।

कन्या राशि के जातक बुध देव को प्रसन्न करने के लिए ' ? कृष्णायै नम: और ? परन्तपाय नम:' मंत्र का जप करें।




तुला राशि के जातक पापमोचनी एकादशी के दिन पूजा के समय ' ? कुलायै नम: और ? महाबलाय नम: ' मंत्र का जप करें।

वृश्चिक राशि के जातक आर्थिक तंगी को दूर करने के लिए ' ? यामायै नम: और ? महात्मने नम:' मंत्र का जप करें।

धनु राशि के जातक बृहस्पति देव को प्रसन्न करने पाने के लिए ' ? विभूत्यै नम: और ? वरप्रदाय नम:' मंत्र का जप करें।

मकर राशि के जातक शनिदेव की कृपा पाने के लिए ' ? वरदायै नम: और ऊँ ? परन्तपाय नम: ' मंत्र का जप करें।

कुंभ राशि के जातक कारोबार की परेशानी दूर करने के लिए ' ऊँ श्री धनंजाय नम: और ? अव्यक्ताय नम:' मंत्र का जप करें।

मीन राशि के जातक पापमोचनी एकादशी के दिन ' ? समायै नम: और ? महानन्दाय नम:' मंत्र का जप करें।

### कब और क्यों मनाई जाती है उत्पन्ना एकादशी? यहां पढ़ें धार्मिक महत्व




सनातन धर्म में अगहन महीने का खास महत्व है। यह महीना जगत के पालनहार भगवान कृष्ण को समर्पित है। इस महीने में रोजाना भगवान कृष्ण की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही एकादशी तिथि पर उनके निमित्त व्रत रखा जाता है। अगहन महीने में उत्पन्ना एकादशी भी मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है। उत्पन्ना एकादशी के दिन व्रत रखने से साधक पर लक्ष्मी नारायण जी की कृपा बरसती है। आइए, उत्पन्ना एकादशी की सही तिथि और शुभ मुहूर्त जानते हैं-

**उत्पन्ना एकादशी शुभ मुहूर्त** - वैदिक पंचांग के अनुसार, 03 दिसंबर को देर रात 11 बजकर 03 मिनट पर अगहन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि शुरू होगी। वहीं, 04 दिसंबर को देर रात 11 बजकर 44 मिनट पर मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि से गणना होती है। इसके लिए 04 दिसंबर को उत्पन्ना एकादशी मनाई जाएगी। इस तिथि पर साधक व्रत रख विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा कर सकते हैं।

**उत्पन्ना एकादशी पारण** - सामान्य जन 05 दिसंबर को सुबह 06 बजकर 59 मिनट से लेकर सुबह 09 बजकर 04 मिनट के मध्य पारण कर सकते हैं। इस दौरान साधक स्नान-ध्यान कर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करें। वहीं, पूजा के बाद अन्न का दान कर व्रत खोलें।

**उत्पन्ना एकादशी शुभ योग**

ज्योतिषियों की मानें तो अगहन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर आयुष्मान और सौभाग्य योग का संयोग बन रहा है। इसके साथ ही शिववास योग का संयोग है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव कैलाश पर देवी मां पार्वती के साथ विराजमान रहेंगे। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी।




# महिला दिवस पर सशक्त नारी का हुआ सम्मान निकाली संस्कृति रक्षा यात्रा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महिला उत्थान मंडल व श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर मोहारा स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम में सशक्त नारी सम्मेलन एवं संस्कृति रक्षा यात्रा का आयोजन किया गया। अनेक क्षेत्रों में कार्यरत एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले आत्मनिर्भर महिलाओ का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम में अतिथि रूप में पूर्व महापौर हेमा देशमुख, महिला एवं बाल विकास अध्यक्ष श्रीमति सरिता भोजवानी उपस्थित होकर महिलाओ को संबोधित किया । विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के कार्य करने वाले नारी शक्ति वर्षा अग्रवाल वसुधा फाउंडेशन, डॉ. रुपाली गांधी गायत्री परिवार, सीमा डोले शिक्षाक्षेत्र में, किरण साहू स्वास्थ्य क्षेत्र, सबीहा गाजी समाजसेवी, शारदा तिवारी समाजसेवी, सुश्री निखत परवीन वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी, पूर्णिमा साहू समाजसेवी, माया वर्मा समाजसेवी, प्रतिमा बंजारे समाजसेवी, पायल बरमाटे समाजसेवी, विनीता सिन्हा समाजसेवी, सीता साहू प्राचार्य सन साइज किड्स, चित्ररेखा साहू शिक्षिका एवं महिला समूह एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भोथीपार खुर्द, पुष्पलता मैडम गीतांजलि सेवा संस्थान, सीता खरे शिक्षिका बिल्हरी तथा अनेको विद्यालयों से आये प्रतिभाशाली शिक्षको एवं डोंगरगढ़, मोहला, गंडई के महिला उत्थान मंडल की बहनो को नारी सशक्तिकरण सम्मान चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम की श्रृंखला में निर्दोष संत आशारामजी बापू के ससम्मान रिहाई को लेकर महिलाओ की विशाल भीड़ ने वाहन यात्रा निकाली । वाहन यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं वाहन यात्रा में सम्मिलित होकर संस्कृति रक्षक संत आशारामजी बापू की रिहाई की मांग की । संस्कृति रक्षा यात्रा की मोहारा स्थित आशारामजी बापू आश्रम से निकाल कर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए शीतला मंदिर प्रांगण पर समापन किया गया ।




महिला दिवस पर निकली संस्कृति रक्षा यात्रा, सौपा ज्ञापन

**महिला दिवस पर निकली संस्कृति रक्षा यात्रा, सौपा ज्ञापन**

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर, रमेश भोजवानी एवं महिला उत्थान मंडल की अध्यक्ष एरिना चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से बताया की संस्कृति रक्षा यात्रा के पूर्व जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गुजरात के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अहमदाबाद (गुज) के मोटेरा स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम की पवित्र भूमि को ओलंपिक 2036 की परियोजना के तहत अधिग्रहित करने के आदेश दिए गए है। इस संबंध में देशभर के साधकों को आहत पहुंची है क्योंकि यह भूमि कोई साधारण भूखंड नहीं है, बल्कि यह लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, सनातन संस्कृति और अध्यात्म की जीवंत धरोहर है । इस पवित्र भूमि पर पूज्य बापूजी की पूजनीय माताश्री, ब्रह्मलीन श्री मां महंगीबा जी की समाधिस्थली भी है और भारत व विदेशों में बसे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सजीव केन्द्र भी है । इस धरोहर से अनेको सेवाकार्य की प्रविवित्तियाँ चलाई जा रही है जिससे करोड़ो लोगो का जीवन परिवर्तित हुआ है तथा देश व समाज को गौरान्वित किया है।

अत: लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की ओर से करबद्ध प्रार्थना है कि कृपया इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार करते उचित मार्गदर्शन निकाले कि इस अनमोल धरोहर, आश्रम की पवित्र भूमि के प्रस्तावित अधिग्रहण को तुरंत स्थगित किया जाए । ओलंपिक जैसी अंतरराष्ट्रीय आयोजन को बिना किसी सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक या पर्यावरणीय क्षति पहुँचाए आगे बढ़ाया जाए । संस्कृति रक्षा यात्रा को सफल बनाने में महिला उत्थान मंडल से सरिता चक्रधारी, प्यारी साहू, जया जयसिंघानी, रेखा बहन, तृप्ति वैष्णव, संगीता साहू, पूजा साहू, पूजा पालीवाल, प्रियल डेमबानी, नीतू लहरवानी, सुषमा भोजवानी, प्रेमकला गोस्वामी, चंचल साहू, चांदनी साहू, वीणा साहू, सरिता साहू आदि का विशेष योगदान रहा ।

# महाकाल मंदिर सिंघोला में रुद्राक्ष फल का वितरण 10 मार्च से



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महाकाल सेना द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाकाल मंदिर सिंघोला में रुद्राक्ष के फल का वितरण किया जाएगा। यह वितरण कार्यक्रम कल 10 मार्च से प्रारंभ होगा, जिसमें सीमित मात्रा में उपलब्ध रुद्राक्ष फल श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप प्रदान किए जाएंगे।

**निर्धारित समय में मिलेगा रुद्राक्ष फल**

आयोजकों के अनुसार रुद्राक्ष फल का वितरण दो समय पर किया जाएगा। प्रात: 7 बजे से 9 बजे तक तथा संध्याकाल 7 बजे से 8 बजे तक महाकाल मंदिर सिंघोला परिसर में श्रद्धालुओं को फल दिया जाएगा।

**प्रत्येक व्यक्ति को एक फल**

महाकाल सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि सीमित मात्रा में उपलब्धता को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को एक रुद्राक्ष फल ही दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पवित्र प्रसाद का लाभ ले सकें।

**श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचने की अपील**

आयोजकों ने श्रद्धालुओं से निर्धारित समय में मंदिर पहुंचकर रुद्राक्ष फल प्राप्त करने और धार्मिक वातावरण को बनाए रखने की अपील की है।

# साल्हेवारा वन क्षेत्र में वन्य जीव तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, दो अभियुक्त गिरफ्तार



अभियुक्त 1. मंगल तिल्लासी वल्द अंजोर तिल्लासी



अभियुक्त 2. हर्षदिप वल्द जगदीश चव्हान



**साल्हेवारा (नांदगांव टाइम्स)।** वन्य प्राणियों की सुरक्षा और जंगलों के संरक्षण के लिए वन विभाग लगातार सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में वनमंडल खैरागढ़ के वनमण्डलाधिकारी श्री पंकज राजपूत के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र साल्हेवारा में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने जंगली सूअरों के अवैध परिवहन में लिप्त तस्करों को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 5 मार्च 2026 को वन विभाग की टीम ने सतर्कता और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्कार्पियो वाहन क्रमांक MH 35 P 1022 को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में दो नग जंगली सूअर का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को जब्त कर लिया और मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## डोंगरगढ़ में एक दिवसीय शिविर एवं ट्रैकिंग का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ,भारत स्काउट एंड गाइड के यंग फ्रेंड ग्रुप बिलासपुर के द्वारा डोंगरगढ़ में एक



दिवसीय शिविर एवं ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बिलासपुर के हमारे पूर्व राज्य संगठन आयुक्त श्री जनार्दन मिश्रा (रोवर स्काउट लीडर) एवं उनकी टीम के सदस्य ई.अप्पा राव, विशाल कोरी, फलेश कुमार साहू, दुष्यंत कुमार, कुमार संदेश, अनुराग सिंह मांझी। गाइड सेक्शन से जी.कामाक्षी देव, चंद्रिका मरावी, सिमरन ध्रुव, संजना श्रीवास आज इस शिविर का शुभारंभ फ्लैग सेरेमनी के साथ किया गया तत्पश्चात इंट्रोडक्टरी सेशन के बाद, (बड़ी बमलेश्वरी माता मंदिर तक ट्रैकिंग किया गया एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, कुछ स्काउट सेशन भी हुए, हाइक से लौटने के बाद, फ्लैग डाउन कर शिविर का समापन किया गया। डोंगरगढ़ बी.पी.स्काउट ग्रुप के द्वारा विश्व महिला दिवस के उपलक्ष पर गाइड सेक्शन के सभी लीडरों को सम्मानित किया गया। डोंगरगढ़ बी.पी.स्काउट के ग्रुप लीडर स्काउट श्री संजय सरजारे एवं नीरज कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

## जयंत साहू को बीईओ बनने पर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने बधाई दी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा जयंत साहू को विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव बनाए जाने पर गुलदस्ता भेंट स्वागत करते हुए सभी ने बधाई शुभकामनाएं दीं हैं बधाई देने वाले में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक संघ के दीरमेश साहू जिला अध्यक्ष राजनंदगांव, प्यारेलाल साहू ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव ,दीपक साहू ,संजीव गंधर्व ,भारत लाल साहू ,भगत पटेल , पुनाराम कन्नौजे ,मेहतराम सोनकर, घणाराम पटेल , सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।






# संघर्षों से निखरी सफलता: दीप्ति साहू जिन्होंने क्वालिटी वर्क और ईमानदारी को बनाया अपना मंत्र

### सौंदर्य ब्यूटी पार्लर से बनाई खास पहचान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों तो परिस्थितियाँ भी रास्ता देने लगती हैं। ऐसी ही प्रेरक कहानी है संस्कारधानी राजनांदगांव की महिला उद्यमी दीप्ति साहू की, जिन्होंने कभी हालात के आगे हार नहीं मानी और अपने हुनर व मेहनत के बल पर समाज में एक अलग पहचान बनाई। आज वह न केवल एक सफल ब्यूटीशियन हैं, बल्कि उन महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन चुकी हैं जो अपने सपनों को साकार करने की हिम्मत जुटा रही हैं। गौरतलब है कि, राजनांदगांव में रहने वाली दीप्ति साहू ने करीब 7 वर्ष पहले ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त किया और उसके बाद च्सौंदर्य ब्यूटी पार्लरज्ज् की नींव रखी। शुरुआत का सफर



आसान नहीं था। सीमित संसाधन, कम ग्राहक और कई तरह की चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। दीप्ति बताती हैं कि उनके काम की सबसे बड़ी ताकत ग्राहकों की संतुष्टि रही है। उन्होंने हमेशा क्वालिटी वर्क पर ध्यान दिया और यही कारण है कि धीरे-धीरे उनके काम की पहचान बनने लगी। ग्राहकों का विश्वास बढ़ता गया और उनके पार्लर की प्रतिष्ठा भी लगातार मजबूत होती चली गई। आज दीप्ति साहू शहर में एक जानी-मानी ब्यूटीशियन के रूप में पहचानी जाती हैं।

उनका मानना है कि किसी भी कार्य में निरंतरता और ईमानदारी ही सफलता की असली कुंजी है। वह कहती हैं कि जब बुरे कर्म का परिणाम बुरा मिलता है तो अच्छे कर्म का फल भी अवश्य मिलता है, चाहे उसमें थोड़ा समय ही क्यों न लगे। जीवन के उतार-चढ़ावों को वह नियति का हिस्सा मानती हैं। उनका कहना है कि हर कठिन परिस्थिति हमें और मजबूत बनने का अवसर देती है। वह अपने काम का मूल्यांकन स्वयं से ज्यादा ग्राहकों के फीडबैक से करती हैं और उसे सुधार का सबसे बड़ा माध्यम मानती हैं।

## इतिहास विभाग का राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के 38 छात्र-छात्राओं ने डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं डॉ.शैलेन्द्र सिंह, प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर एवं प्रो तोमेन्द्र साहू के नेतृत्व में कलकत्ता का ऐतिहासिक भ्रमण किया। भ्रमण के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने ऐतिहासिक हावडा ब्रिज घुमा, दुसरे दिन काली मंदिर विक्टोरिया पैलेस तथा जूलॉजिकल गार्डन को देखा तथा तीसरे दिन बेलूर मठ तथा दक्षिणेश्वर मंदिर की जानकारी प्राप्त किया। भ्रमण के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने साइंस सिटी तथा कलकत्ता के प्रमुख बाजारों को देखा। 1876 में बना विक्टोरिया पैलेस को महारानी विक्टोरिया की स्तृति में एक ऐतिहासिक संग्रहालय बनाया गया है। बेलूर मठ हुगली नदी के किनारे स्थित है। इस की स्थापना 1897 में स्वामी विवेकानंद द्वारा किया गया था। यह रामकृष्ण मिशन तथा रामकृष्ण मठ का मुख्यालय है। कलकत्ता का काली मंदिर के 52 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। हावडा ब्रिज हुगली नदी पर बना एक विशाल इस्पात पुल है। इसका निर्माण हावडा से प्रारंभ किया गया था और 1943 में बनकर पूरा हुआ था।इन सभी जगह से छात्र-छात्राओं ने ऐतिहासिक तथा धार्मिक जानकारी प्राप्त की।



# ग्राम पुर्रामटोला में 13 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

## जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा - ग्रामीण विकास हमारी प्राथमिकता

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पुर्रामटोला में लगभग 13 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव द्वारा विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और पूरे क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, प्राधिकृत अधिकारी नकुल नेताम, भाजपा मंडल छुरिया के मीडिया प्रभारी शिशुपाल साहू, सरपंच प्रतिनिधि कुंदन बडोले (शिकारी माहका) तथा ग्राम पंचायत पुर्रामटोला की सरपंच श्रीमती सुख बाई सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पुर्रामटोला में तीन महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। इनमें लगभग 3.60 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण, 2.60 लाख रुपये की लागत से यात्री प्रतीक्षालय निर्माण तथा लगभग 7.00 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कार्य शामिल हैं। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की आधारभूत संरचना को भी मजबूती



मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुलिया और यात्री प्रतीक्षालय जैसे निर्माण कार्य न केवल लोगों की दैनिक जरूरतों को पूरा करते हैं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनका प्रयास है कि क्षेत्र के हर गांव में विकास कार्य तेजी से हो और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गांवों में विकास की नई धारा बह रही है और आने वाले समय में भी क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को शहरों जैसी सुविधाएं गांव में ही मिल सकें। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिकों में कुंजन लाल चंद्रवंशी (पूर्व सरपंच), रामभरोसा पडौती, पुरन यादव, चुरामन यादव, तुलसी पौडती, बरस सिंह, तुलसीराम, राम बिलास बांधे, श्रीमती विमला सिन्हा, श्रीमती राजोबाई पटेल, लताबसु जी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने क्षेत्र में हो रहे इन विकास कार्यों के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन निर्माण कार्यों से ग्राम के विकास को नई दिशा मिलेगी और लोगों को दैनिक जीवन में काफी सुविधा प्राप्त होगी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com